IMAGINATIONS

A Multiskills English Course Book



7

GRADE

1. Quality

आइए आरंभ करें!

क्या एक जूते बनाने वाले को कलाकार कह सकते हैं? हाँ, उसे अगर आपने कार्य में किसी अन्य कलाकार के समान कौशल और गर्व हो, और उसके लिए बराबर सम्मान भी। मि० गैस्लर, लंदन में बसा एक जर्मन जूता बनाने वाला, एक सम्पूर्ण कलाकार है। यह देखने के लिए कि वह किस प्रकार अपना जीवन अपनी कला पर न्यौछावर कर देता है, इस कहानी को पढ़िए।

मैं उन्हें अपनी भरपूर जवानी के दिनों से जानता था क्योंकि वह मेरे पिता के जूते बनाते थे। वह अपने बड़े भाई के साथ उनकी दुकान में, जोकि लंदन के एक फैशनपरस्त भाग में स्थित थी, में रहते थे।

दुकान में एक विशेष शान्त उत्कृष्टता थी। गैस्लर ब्रदर्स के अलावा उस पर कोई और चिह्न नहीं था और खिड़की में जूतों के कुछ जोड़े। वे केवल वही बनाते जिसका आदेश दिया गया हो और जो वो बनाते वे उपयुक्त होने में असफल न होते। जूते बनाने में—जैसे वह बनाते थे—मुझे रहस्यमयी और आश्चर्यजनक लगता था और आज भी लगता है।

मुझे अपनी शर्मीली टिप्पणियाँ अच्छी तरह याद हैं जब एक दिन, अपने जवान पाँव मैंने उनकी ओर बढ़ाते हुए कहा, ''मि० गैस्लर, क्या यह बहुत कठिन नहीं है?'' और उनकी दाढ़ी की लालिमा में से अचानक मुस्कान के साथ दिया गया उनका उत्तर : ''यह एक कला है!''

उनके यहाँ बार-बार जाना सम्भव नहीं था—उनके जूते बहुत लम्बे चलते, उनमें अस्थायी से आगे कुछ होता, जूतों का कुछ सार उनमें सिला हुआ।

उनकी दुकान में और दुकानों की तरह नहीं जाते, बल्कि आराम से, जैसे गिरजाघर में जाते हैं और लकड़ी की एकमात्र कुर्सी पर बैठकर इंतजार करते। एक खरखराती आवाज, लकड़ी की सँकरी सीढ़ियों पर खट-खट करती उनकी चप्पलें और बिना कोट के, थोड़े झुके, चमड़े के एप्रन में, बाहें मोड़े, पलकें झपकाते मानों उन्हें जूतों के सपने से जगा दिया गया हो, वे सामने आकर खड़े हो जाते।

और मैं कहता, ''आप कैसे हैं, मि० गैस्लर? क्या आप मेरे लिए रूसी चमड़े के एक जोड़ी जूते बना देंगे?''

बिना कुछ बोले वह मुझे आराम करते छोड़ वहीं चले जाते जहाँ से वह आए थे, दुकान के दूसरे भाग में, और मैं उनके धन्धे की गंध लेता हुआ लकड़ी की कुर्सी में आराम करता रहता। जल्दी ही वह अपने हाथों में सुनहरे-भूरे रंग के चमड़े का टुकड़ा पकड़े आते। उस पर नजरें गड़ाए वह कहते, ''कितना सुंदर टुकड़ा है!'' जब मैं भी उसकी प्रशंसा कर चुका होता, वह फिर से कहते, ''आप उन्हें कब चाहते हैं?'' और मैं उत्तर देता, ''ओह, जितनी जल्दी आप सुविधानुसार कर सकें।'' और वे कहते, ''कल पखवाड़े में?'' और अगर वे अपना बड़ा भाई होते : ''मैं अपने भाई से पूछूँगा।''

तब मैं बुदबुदाता, ''धन्यवाद। सुप्रभात, मि० गैस्लर।'' ''सुप्रभात'' अपने हाथ में चमड़े को अभी भी देखते हुए वो कहते। और जब मैं दरवाजे की ओर बढ़ता, तो मैं उन्हें उनके जूतों के सपने में ले जाते हुए लकड़ी की सीढ़ियों के ऊपर जाते उनकी चप्पलों की खट-खट सुनता।

मैं वह दिन नहीं भूल सकता जब मैंने उनसे कहा, ''मि० गैस्लर, आप जानते हैं जूतों का पिछला जोड़ा चरमरा रहा था।''

कुछ समय बिना बोले वह मुझे देखते, मानो वे मुझसे उस वक्तव्य को वापस लेने अथवा सुधारने की उम्मीद कर रहे हों, फिर बोले, ''उसे चरमराना नहीं चाहिए था।''

''मुझे डर है, ऐसा ही हुआ।''

''उन्हें स्वयं को पाने से पहले ही वे आपको मिल गये थे।''

''मुझे ऐसा नहीं लगता।''

इस पर उन्होंने अपनी नजरें झुका लीं, मानों उन जूतों को याद कर रहे हो और मुझे इतनी गम्भीर बात कहने का खेद हुआ। ''उन्हें वापस भेज दें,'' वह बोले, ''मैं उन्हें देख लूँगा।''

''कुछ जूते,'' वह धीरे-धीरे बोलते रहे, ''जन्म से बुरे होते हैं। अगर मैं कुछ नहीं कर पाया तो उन्हें आपके बिल से हटा दूँगा।''

एक बार (केवल एक बार) मैं किसी बड़ी दुकान से आपात स्थिति में खरीदे गये जूते पहनकर अनमना सा उनकी दुकान में गया। मुझे बिना कोई चमड़ा दिखाए उन्होंने मेरा आर्डर लिया और मैं उनकी आँखों को मेरे पैरों के घटिया आवरण में घुसते महसूस कर पा रहा था। आखिरकार वे बोले, ''वो मेरे जूते नहीं है।''

उनका स्वर गुस्से, दुख अथवा अवमानना का नहीं था मगर उसमें कुछ था जिसने खून जमा दिया। उन्होंने अपना हाथ नीचे करके और एक अँगुली बाएँ जूते के उस स्थान पर दबाई जहाँ वह आरामदायक नहीं था।

''यह आपको यहाँ तकलीफ देता है,'' वह बोले, ''उन बड़ी दुकानों में स्वाभिमान नहीं है।'' और फिर जैसे उनके भीतर कुछ टूट गया हो, वह देर तक क्रोध में बोलते रहे। वह एकमात्र समय था जब मैंने उन्हें अपने धन्धे की कठिनाइयों और परिस्थितियों के बारे में बात करते सुना।

''उन्हें सब कुछ मिलता है,'' वे बोले, ''उन्हें यह विज्ञापन से मिलता है, काम से नहीं। वे इसे हमसे, जो अपने जूतों से प्रेम करते हैं, ले लेते हैं। ऐसे होता है—वर्तमान में मेरे पास काम नहीं है। यह हर वर्ष कम होता जाता है। आप देख लेना।'' और उनके झुर्रीदार चेहरे को देखते हुए मैंने चीजें देखीं, कड़वी बातें और कड़वा संघर्ष और उनकी लाल दाढ़ी में अचानक दिखते हुए ढेर सारे पके बाल, जिन पर पहले ध्यान नहीं दिया था।

मुझसे जितना हो सका, मैंने उन अशुभ जूतों की परिस्थितियों के बारे में बताया। मगर उनके चेहरे और उनकी आवाज ने इतना गहरा प्रभाव डाला कि अगली कुछ मिनटों में मैंने अनेक जोड़ियों का आर्डर दे दिया। वे बहुत दिनों तक चले और मैं उसके पास लगभग दो वर्षों तक जा नहीं पाया।

कई महीनों बाद ही मैं उनकी दुकान पर दोबारा जा पाया। इस बार चमड़े के टुकड़े पर काम करते हुए, वह अपने बड़े भाई जैसे लग रहे थे।

''हाँ, मि० गैस्लर,'' मैं बोला, ''आप कैसे हैं?'' वह पास आए और मुझे देखा। ''मैं बहुत अच्छा हूँ,'' वह धीरे से बोले, ''मगर मेरे बड़े भाई मर गए।''

और मैंने देखा वाकई वही थे मगर कितने वृद्ध और बीमार लग रहे थे! और मैंने कभी भी उन्हें अपने बड़े भाई का जिक्र करते नहीं सुना था। बहुत हैरानी से मैं बुदबुदाया, ''ओह! मुझे क्षमा करें!''

''हाँ,'' उसने उत्तर दिया, ''वह अच्छे व्यक्ति थे, वह अच्छा जूता बनाते थे। मगर वे मर गए।''

और उन्होंने अपने सिर के ऊपर छूआ, जहाँ बाल अचानक इतने पतले हो गए थे जैसे कि उनके बेचारे भाई के थे, शायद उनकी मृत्यु का कारण बताने के लिए। ''क्या आपको कोई जूते चाहिए?'' और उन्होंने अपने हाथ में पकड़ा चमड़ा दिखाया। ''यह सुंदर टुकड़ा है।''

मैंने कई जोड़ों का आर्डर दिया। उनके आने में बहुत समय लगा, मगर वह पहले से बेहतर थे। उन्हें कोई भी आसानी से घिस नहीं सकता था। और उसके तुरन्त बाद मैं विदेश चला गया।

एक वर्ष से अधिक समय हो गया जब मैं दोबारा लंदन आया। और मैं सबसे पहले अपने मित्र की दुकान पर गया। मैं एक साठ वर्षीय व्यक्ति को छोड़ कर गया था, मैं वापिस आया पचहत्तर वर्षीय के पास, सूखा और बिना ऊर्जा के, जो इस बार, वास्तव में, मुझे एक बार में नहीं पहचान पाया।

''क्या आपको कोई जूते चाहिए?'' वह बोले, ''मैं उन्हें जल्दी बना सकता हूँ, खाली समय है।''

मैंने उत्तर दिया, ''कृपया, कृपया! मुझे चारों ओर लगे हुए हर प्रकार के जूते चाहिए।''

मैंने उन जूतों की उम्मीद छोड़ दी थी जब एक शाम वे आ गए। मैंने एक-एक करके उन्हें पहन कर देखा। आकार और उपयुक्तता में, चमड़े की गुणवत्ता व बनावट, वे अभी तक के सर्वश्रेष्ठ जूते थे जो उन्होंने बनाए थे। मैं तेजी से नीचे गया, एक चैक लिखा और अपने हाथों द्वारा डाक से भेज दिया।

एक सप्ताह बाद, उस गली के पास से निकलते हुए, मैंने सोचा कि जाकर उन्हें कहता हूँ उनके बनाए जूते कितने शानदार थे। मगर जब मैं उनकी दुकान पर पहुँचा, उनका नाम हट चुका था। मैं बहुत परेशान सा भीतर गया। दुकान के भीतर एक अंग्रेज नौजवान था।

''क्या मि० गैस्लर हैं?'' मैं बोला।

''नहीं श्रीमान,'' वह बोला।'' नहीं, मगर हम प्रसन्नता से आपकी कोई भी इच्छा पूरी कर सकते हैं। हमने दुकान ले ली है।''

''हाँ, हाँ,'' मैं बोला, ''किन्तु मि० गैस्लर?''

''ओह!'' उसने उत्तर दिया, ''मर गए।''

''मर गए! मगर यह जूते तो मैंने उनसे पिछले बुधवार को ही प्राप्त किए थे।''

''ओह!'' वह बोला, ''बेचारे ने खुद को भूखा मार लिया। डॉक्टर ने उसे धीमी भुखमरी बताया। वे ऐसे ही काम करते थे। दुकान खोले रखते, स्वयं के अलावा किसी और को जूतों को न छूने देते। जब उन्हें एक आर्डर मिलता, वे बहुत समय लेते। लोग इंतजार नहीं करते। उन्होंने सबको खो दिया। और वे वहाँ बैठे जीवित रहे। लेकिन उनके लिए एक बात कहूँगा—लंदन में कोई भी व्यक्ति उनसे अच्छे जूते नहीं बनाता था। मगर प्रतिस्पर्धा देखिए! वे विज्ञापन भी नहीं

देते थे। सबसे बढ़िया चमड़ा भी रखते और सब कुछ स्वयं करते। ठीक है, ऐसा ही है। आप उनके विचारों से और क्या उम्मीद रखते हैं?''

''मगर भुखमरी!''

''वह थोड़ा आकर्षक हो सकता है, जैसी कि कहावत है—मगर मैं स्वयं जानता हूँ कि वह अपने अन्तिम दिन तक, दिन और रात, जूते ही बनाते रहे। स्वयं को कभी भोजन करने का समय न दिया, कभी घर में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। सब कुछ किराए और चमड़े में चला जाता। मैं नहीं जानता कि वे इतना लंबा कैसे जी गए। वे नियमित रूप से बीमार हो जाते। अच्छे व्यक्ति थे। मगर वे जूते अच्छे बनाते थे।''

''हाँ,'' मैंने कहा, ''वे जूते अच्छे बनाते थे।''

Exercise

A. 1. (c) 2. (b) 3. (a)

B. 1. leave 2. tip-tap 3. circumstances

C. 1. The author's opinion about Mr. Gessler as a bootmaker was that he was an artist. He had the same skill and pride in his trade as any other artist and the same respect for it too.

2. The author visited the shop so infrequently because Mr. Gessler's boots lasted very long. Besides, he was a regular traveller who went abroad as well.

3. When the author complained about a certain pair of boots that they creaked, Mr. Gessler looked at him for some time without replying as he wanted him to withdraw or quality the statement. Then he asked the author to send the boots back. And if he couldn't repair them, he would remove them from the author's bill.

4. Mr. Gessler's complaint about 'big firms' was they had no self-respect and got business by advertisement and not by hard work. In the process, they ruined the people who did their work with sincerity.

5. The author ordered so many pair of boots because he was feeling very sorry for Mr. Gessler. His elder brother had died, he was very bitter and he had no work.

No, he did not really need them.

D. Last month, my aunt decided to visit her parents. My uncle dropped her at the station and came back. He is very absent-minded. He decided to make his breakfast and was doing his own cooking. He put vegetables on the gas stove. Then he went outside to clean and oil his bicycle. He got busy and forget all about the vegetables cooking in the kitchen. All of a sudden, his neighbour called out that something was burning in the kitchen. At this, uncle remembered about the cooking vegetables and rushed to the kitchen. Now he forgot that he had machine oil in his hand. To save the vegetables, he put some oil on them. Unfortunately, it was

not cooking oil but machine oil. Because of uncle's absent-mindedness, the vegetables were spoiled.

E. Do it yourself. **F.** Do it yourself.

G. Do it yourself. **H.** Do it yourself.

I. Do it yourself. **J.** Do it yourself.

K.

initial	**medial**	**final**
sheep	fashion	trash
shriek	anxious	marsh
shore	portion	fish
sure	ashes	polish
shoe	pushing	moustache

L. Do it yourself.

(i) feature	(iv) reaching	(vii) riches
(ii) archery	(v) nature	(viii) batch
(iii) picture	(vi) matches	(ix) church

M. (i) looking into (ii) Look out (iii) looking up
(iv) look down (v) look in (vi) looked up to
(vii) look after

❑

2. Trees

आइए आरंभ करें!

कुछ मिनट लेकर एक दूसरे को उन वृक्षों के नाम बताइए जिनके बारे में आप जानते हों या उनके बारे में सुना हो। उन वस्तुओं के नाम बताइए जो वृक्ष हमें देते हैं। तब वृक्षों के बारे में इस कविता को पढ़िए।

वृक्ष पक्षियों के लिए हैं।
वृक्ष बालकों के लिए हैं।
वृक्ष ट्री हाउस बनाने के लिए हैं।
वृक्ष झूला झूलने के लिए हैं।
वृक्ष उनके बीच से पवन के बहने के लिए हैं।
वृक्ष लुकाछिपी में उनके पीछे छुपने के लिए हैं।
वृक्ष उनके नीचे चाय पार्टी करने के लिए हैं।
वृक्ष पतंगों को उनमें फँसने के लिए हैं।
वृक्ष गर्मी में ठंडी छाँव बनाने के लिए हैं।
वृक्ष सर्दी में छाँव नहीं बनाने के लिए हैं।
वृक्ष सेब और नाशपाती उगाने के लिए हैं।

वृक्ष काटकर 'लक्कड़' चिल्लाने के लिए हैं।
वृक्ष माताओं से कहलवाते हैं,
''कितना सुंदर चित्र बनाने के लिए है!''
वृक्ष पिताओं से कहलवाते हैं,
''कितनी सारी पत्तियाँ जेली से एकत्रित करने के लिए हैं!''

Exercise

A. 1. (c) 2. (c) 3. (c)

B. 1. cool 2. no 3. chop, "TIMBER-R-R!"

C. 1. The games or human activities which use trees, or in which trees also participate are making tree houses, swinging, playing hide and seek, having tea parties, sitting in cool shade, chopping them down and raking the leaves.

2. "Trees are to make no shade in winter." As we can see in the line immediately before it, as summer is hot, people sit in the cool shade of the trees to escape the heat. But trees lose their leaves in summer so they make no shade. As winter is cold, people like to sit in the sun and not shade.

3. I agree that one purpose of a tree is to have fruits on it. Fruits are part of our diet and provide as nourishment.
No, this line is factual and not humorous.

D. Do it yourself.

❑

3. The Ashes That Made Trees Bloom

आइए आरंभ करें!

यह कहानी एक ईमानदार और मेहनती वृद्ध युगल और उनके पालतू कुत्ते के बारे में है। उनके पड़ोसी लड़ाके हैं और कुत्ते की मृत्यु उदास कर देने वाली होती है। कुत्ते की आत्मा, अप्रत्याशित तरीकों से, अपने मालिक को सांत्वना और समर्थन देती है।

I

जापानी जमींदारों के पुराने अच्छे दिनों में, एक वृद्ध युगल रहता था जिनका एकमात्र पालतू जीव एक छोटा कुत्ता था। यद्यपि उनके बालक नहीं थे, वे इसे अपने बालक के समान ही प्रेम करते थे। वृद्ध महिला ने उसके लिए नीली रेशम का तकिया बनाया और भोजन के समय मूको, वही इसका नाम था, उस पर किसी बिल्ली के समान आराम से बैठता। वे दयालु लोग अपने पालतू जीव को अपनी चॉपस्टिक से मछली के टुकड़े और जितना भी उबले चावल वह चाहता

खिलाते। इस प्रकार के व्यवहार के बाद, वह मूक जीव अपने रक्षकों को एक बालक के समान प्रेम करता था।

वृद्ध व्यक्ति, जो कि धान का किसान था, प्रतिदिन अपने फावड़े और कुदाल लेकर अपने खेतों में जाकर, सवेरे से लेकर जब तक ओ टेंटो सामा (जोकि सूर्य का नाम है) पहाड़ियों के पीछे न डूब जाता, कड़ी मेहनत करता। प्रतिदिन कुत्ता उसके पीछे काम पर जाता और वृद्ध व्यक्ति के कदमों में से कीड़ों को उठाने को चलते सफेद बगुलों को कभी भी नुकसान नहीं पहुँचाता था। वृद्ध व्यक्ति हर उस वस्तु के लिए जिसमें प्राण होते थे, के साथ धैर्यवान और दयालु था और अक्सर, पक्षियों को भोजन देने के लिए, मिट्टी के ढेलों को पलट देता था।

एक दिन कुत्ता दौड़ते हुए उसके पास आया, अपने पंजे उसके पैरों पर रखे और पीछे किसी स्थान की ओर अपने सिर से इशारा किया। पहले तो वृद्ध व्यक्ति ने समझा कि उसका पालतू जीव केवल खेल रहा है और उसने बुरा नहीं माना। परन्तु कुत्ता कुछ क्षणों तक रिरियाता हुआ इधर-उधर दौड़ता रहा। फिर वृद्ध व्यक्ति कुत्ते के पीछे कुछ गज दूर उस स्थान पर गया जहाँ उस जीव ने तेजी से गड्ढा खोदना आरंभ कर दिया। यह सोचते हुए कि शायद दबी हुई हड्डी अथवा मछली का टुकड़ा हो, वृद्ध व्यक्ति ने कुदाल को धरती पर मारा, जब, और लो! सोने का एक ढेर उनके सामने चमकने लगा।

इस प्रकार, एक घंटे में वृद्ध युगल अमीर बन गए। उन अच्छी आत्माओं ने भूमि का एक टुकड़ा खरीदा, अपने मित्रों के लिए दावत का आयोजन किया और गरीब पड़ोसियों को बहुत कुछ दिया। जहाँ तक कुत्ते की बात है, वे उसे तब तक दुलारते रहे जब तक कि दयालुता से उसका दम ही न घुट गया।

अब इस गाँव में एक वृद्ध दुष्ट व्यक्ति और उसकी पत्नी रहते थे, जो तनिक भी संवेदनशील और दयालु न थे, जो सदा अपने घर के पास निकलने वाले सारे कुत्तों को लात मारते और उन पर चिल्लाते थे। अपने पड़ोसी के अच्छे भाग्य के बारे में सुनकर, उन्होंने कुत्ते को अपने बगीचे में आने को मनाया और उसके सामने, इस उम्मीद में कि वह उन्हें भी खजाना ढूँढ़कर देगा, मछली के टुकड़े और दूसरे स्वादिष्ट भोजन रख दिए। किन्तु कुत्ता, क्रूर युगल से डरा हुआ, न तो हिला और न ही उसने कुछ खाया।

फिर अपने साथ फावड़ा और कुदाल लेकर कुत्ते को बाहर घसीट लाए। जैसे ही कुत्ता बगीचे में उगते हुए देवदार के वृक्ष के पास पहुँचा, वह धरती को पैरों से खुरचने लगा मानों उसके नीचे बड़ा खजाना हो।

''पत्नी, जल्दी से मुझे फावड़ा और कुदाल दो!'' प्रसन्नता से नाचते हुए वह लालची वृद्ध मूर्ख चिल्लाया।

तब वह लालची वृद्ध फावड़े से और बूढ़ी डायन कुदाल से खोदने लगे, लेकिन वहाँ एक मृत बिल्ली के सिवा कुछ नहीं था जिसकी दुर्गन्ध ने उन्हें अपने उपकरण छोड़ देने और अपनी नाक बंद करने को मजबूर कर दिया। कुत्ते पर बहुत क्रोधित होते हुए वृद्ध व्यक्ति ने उसे लातें मारकर जान से मार दिया और वृद्ध महिला ने पैनी कुदाल से उसका सिर लगभग अलग करते हुए कार्य समाप्त कर दिया। तब उन्होंने उसे गड्ढे में फेंकते हुए उसकी लाश को मिट्टी से ढक दिया।

कुत्ते के मालिक ने अपने पालतू जीव की मृत्यु के बारे में सुना और ऐसे शोक मनाते हुए कि मानो वह उसका स्वयं का बच्चा हो, रात को देवदार के वृक्ष के नीचे गया। उसने धरती में कुछ पोले बाँस गाड़े, जैसे कि समाधि के सामने उपयोग होते हैं, जिनमें उसने ताजे फूल लगा दिए। फिर उसने कब्र पर भोजन की एक ट्रे और जल का एक प्याला रखकर अनेक महँगी अगरबत्तियाँ जलाईं। उसने अपने पालतू जीव को अनेक प्यार के नामों से पुकारते हुए, मानो की वह जीवित हो, बहुत देर तक शोक मनाया।

उस रात कुत्ते की आत्मा उसके सपने में आई और उससे कहा, ''मेरी कब्र के ऊपर के देवदार के वृक्ष को काटो और उससे अपनी चावल की पेस्ट्री के लिए एक ओखली और फली की चटनी के लिए एक चक्की बना लो।''

इसलिए वृद्ध व्यक्ति ने वृक्ष को काटकर उसके तने के बीच से लगभग दो फुट लंबा टुकड़ा काटा। कड़ी मेहनत करते हुए, थोड़ा आग से और थोड़ा छैनी से, उसने एक छोटे कटोरे के जितना एक पोला टुकड़ा खुरचा। फिर उसने जैसा कि चावल पीसने के लिए उपयोग होता है, लकड़ी का एक लंबे हत्थे का हथौड़ा बनाया। जब नव वर्ष का समय पास आया, तो वह चावल की कुछ पेस्ट्रियाँ बनाना चाहता था। जब चावल उबल गए तो दादी ने उन्हें ओखली में भर दिया, तो वृद्ध व्यक्ति ने उस ढेर को गुंथे आटे में पीसने के लिए अपना हथौड़ा उठाया और चोट भारी और तेज पड़ रही थीं जब तक कि पेस्ट्री सिंकने को तैयार न हो गई। अचानक ही पूरा ढेर सोने के सिक्कों की ढेरी में बदल गया। जब वृद्ध महिला ने हाथ-चक्की को लेकर उसे फलियों से भरकर पीसना आरंभ किया, सोना वर्षा के समान बरसने लगा।

इसी दौरान ईर्ष्यालू पड़ोसन, जब उबली फलियाँ पीसी जा रही थीं, ने खिड़की में से झाँका। ''मेरी माँ!'' टपकती चटनी की प्रत्येक बूँदों को पीले सोने में बदलते देख बूढ़ी डायन चिल्लाई और कुछ ही मिनटों में चक्की के नीचे रखा टब सोने के चमकते ढेर से भर गया।

इस प्रकार, वह वृद्ध युगल फिर से अमीर हो गए। अगले दिन कंजूस और दुष्ट पड़ोसी आए और ओखली तथा जादुई चक्की उधार माँगकर ले गए। उन्होंने एक को उबले चावल तथा दूसरे को फलियों से भरा। फिर वृद्ध व्यक्ति कूटने लगा महिला पीसने लगी। किन्तु पहली चोट और घुमाने पर, पेस्ट्री और चटनी कीड़ों के बदबूदार ढेर में बदल गए। इस पर और क्रोधित होते हुए उन्होंने आग में जलाई जाने वाली लकड़ी की तरह उपयोग करने के लिए चक्की के टुकड़े-टुकड़े कर दिए।

II

उसके थोड़े समय बाद, अच्छे वृद्ध व्यक्ति ने फिर से सपना देखा और कुत्ते की आत्मा ने उससे बात की और उसे बताया कि दुष्ट लोगों ने देवदार के वृक्ष से बनी चक्की को जला दिया है। ''चक्की करी राख लेकर मुरझाए वृक्षों पर छिड़क दो और वे फिर से खिल उठेंगे,'' कुत्ते की आत्मा ने कहा।

वृद्ध व्यक्ति जगा और तुरन्त दुष्ट पड़ोसी के घर गया, जहाँ उसने उसे दयनीय वृद्ध जोड़े को फर्श के बीचोंबीच बने चौकोर भट्टी के सिरे पर बैठे हुए, कातते और हुक्का गुड़गुड़ाते हुए देखा। समय-समय पर वे चक्की के कुछ टुकड़ों से निकलती दहक से हाथों और पैरों को सेंक रहे थे, जबकि उनके पीछे टूटे टुकड़ों का एक ढेर पड़ा था।

अच्छे वृद्ध व्यक्ति ने विनम्रतापूर्वक राख माँगी। यद्यपि लालची युगल ने उसकी ओर तिरस्कार से देखा और उसे ऐसे डाँटा मानो वह कोई चोर हो, उन्होंने उसे अपनी टोकरी में राख भर लेने दी। घर आने पर, वृद्ध व्यक्ति अपनी पत्नी को बगीचे में ले गया। चूँकि गर्मियाँ थीं, उनका पसंदीदा चैरी का वृक्ष खाली था। उसने उस पर एक चुटकी राख फेंकी और लो, उस पर फूल खिल गए जब तक कि वह गुलाबी फूलों का एक बादल नहीं बन गया जिसने वायु को सुगन्धित कर दिया। यह समाचार सारे गाँव में फैल गया और इस आश्चर्य को देखने के लिए हरेक बाहर दौड़ा।

लालची युगल ने भी कहानी सुनी और चक्की की सारी राख को इकट्ठा करके मुरझाए वृक्षों को खिलाने के लिए रख लिया।

दयालु वृद्ध ने, यह सुनकर कि उसके मालिक, डायमियो, गाँव के पास से निकलने वाली ऊँची सड़क से जाने वाले थे, अपनी राख की टोकरी ले उनसे मिलने चल दिया। जब जुलूस पास आया तो वह रास्ते में खड़े मुरझाए पुराने चैरी के वृक्ष पर चढ़ गया।

अब, जमींदारों के समय में यह प्रथा थी कि जब उनके मालिक निकलते, सारे स्वामिभक्त लोगों को अपनी ऊँची खिड़कियाँ बंद करनी पड़ती। वे उन पर कागज के टुकड़े भी चिपका देते ताकि वे अपने मालिक को नीचे देखने की धृष्टता न कर सकें। सारे लोग अपने हाथों और घुटनों पर गिर जाते और जब तक जुलूस निकल न जाता, धरती पर औंधे मुँह लेटे रहते।

जुलूस पास आ गया। एक लंबा, सक्षम व्यक्ति, सड़क पर लोगों पर चिल्लाता हुआ, ''अपने घुटनों पर बैठ जाओ! अपने घुटनों पर बैठ जाओ!'' आगे चल रहा था और जुलूस के निकलते समय प्रत्येक अपने घुटनों पर बैठ गया।

अचानक जुलूस के मुखिया ने वृक्ष पर चढ़े हुए वृद्ध व्यक्ति को देखा। वह उसे गुस्सैल स्वर में आवाज देने ही वाला था, मगर यह देखकर कि वह इतना वृद्ध व्यक्ति था, उसने उसे नहीं देखने का बहाना किया और आगे बढ़ गया और जब डायमियो की पालकी पास आई, तो वृद्ध व्यक्ति ने एक चुटकी राख लेकर उसे वृक्ष के ऊपर बिखेर दिया। एक ही क्षण में उस पर फूल खिल आए।

अति प्रसन्न डायमियो ने जुलूस को रोकने का आदेश दिया और आश्चर्य देखने के लिए बाहर आ गया। वृद्ध व्यक्ति को अपने पास आने के लिए कहते हुए, उसने उसे धन्यवाद दिया और उसे रेशमी वस्त्र, स्पंज केक, पंखे और दूसरे इनाम देने का आदेश दिया। उसने उसे अपने किले में भी आमंत्रित किया।

तब वृद्ध व्यक्ति प्रसन्नता से अपनी प्रिय पत्नी से अपना आनंद बाँटने घर चला गया।

किन्तु जब लालची पड़ोसी ने इसके बारे में सुना, उसने कुछ जादुई राख ली और राजमार्ग पर चला गया। वह वहाँ एक डायमियो के जुलूस का इंतजार करता रहा और भीड़ की तरह घुटनों पर बैठने की बजाय, वह एक सूखे चैरी के वृक्ष पर चढ़ गया।

जब डायमियो स्वयं उसके नीचे आ गया, उसने एक मुट्ठी भर राख वृक्ष पर फेंकी मगर एक कण भी नहीं बदला। वायु ने उस महीन धूल को डायमियो और उसकी पत्नी की आँखों और नाकों में घुसा दिया। कितना छींकना-खाँसना हो रहा था! उसने जुलूस की सारी शान और भव्यता को बिगाड़ दिया। वह व्यक्ति जिसका कार्य, ''अपने घुटनों पर बैठ जाओ'' चिल्लाना

था, वृद्ध मूर्ख को गिरेबान से पकड़ा, वृक्ष से उसे घसीटकर, उसे और उसकी राख की टोकरी को सड़क के साथ के गड्ढे में लुढ़का दिया। फिर उसे अच्छी तरह पीटते हुए, मरा समझकर छोड़ दिया।

इस प्रकार दुष्ट वृद्ध व्यक्ति कीचड़ में मर गया, मगर कुत्ते का दयालु मित्र शान्ति और समृद्धि में रहा और वह और उसकी पत्नी दोनों लंबी आयु तक जिए।

Exercise

A. 1. (b) 2. (c) 3. (a)

B. 1. spade, hoe 2. hammer 3. boiled rice, beans

C. 1. The old farmer was a kind old man. The evidences in the first two paragraphs are as follows:
(a) He loved the pet as though it were a baby.
(b) He fed it fish and boiled rice with his own chopsticks.
(c) He was patient and kind to everything that had life.
(d) He turned up a sod on purpose to give food to the birds.

2. To lead the farmer to the hidden gold, the dog put his paws against his legs and motioned with his head to some spot behind. When the farmer did not listen to him, he whined and ran to and fro for some minutes. When the old man finally followed him to the spot, the dog began a lively scratching.

3. The spirit of the dog helped the farmer first by telling him to cut down the tree over its grave and making from it a mortar for rice pastry and a mill for bean sauce.

4. Next, it helped him by asking him to take the ashes of the mill and sprinkle them on the withered trees to make them bloom again.

5. The daimio rewarded the farmer because he had turned the withered old cherry tree into a pink cloud of blossom. He punished the neighbour for the same act as he had made him and his wife sneeze and choke, thereby spoiling the pomp and dignity of the procession.

D. he writes in both Hindi and English.
many books in English but only a few short stories in Hindi.
as my Hindi is much better than my English.

E. Do it yourself.

F. Do it yourself.

G. (i) Where is Anil?
(ii) Where is Anil sitting?
(iii) What is Anil doing?
(iv) Where is Anil's friend sitting?
(v) What is he doing?
(vi) What is the teacher doing?
(vii) What are some children doing?

H. Neha : **When** did you get this book?
Sheela : Yesterday morning.
Neha : **Why** is your sister crying?
Sheela : Because she has lost her doll.
Neha : **Whose** room is this, yours or hers?
Sheela : It's ours.
Neha : **How** do you go to school?
Sheela : We walk to school. It is near by.

I. (i) what, where (ii) which (iii) how
(iv) when (v) how, when, where (vi) what, when

J. (i) The project appears *impossible* at first sight but it can be completed if we work very hard.
(ii) He is *incompetant.* That's why he can't keep any job for more than a year.
(iii) "Don't be *impatient* your letter will come one day," the postman told me.
(iv) That's an *improper* remark to make under the circumstances.
(v) He appears to be *insensitive.* In fact, he is very emotional.

K. There was once **a** play which became very successful. **A** famous actor was acting in it. In **the** play, his role was that of **an** artistocrat who had been imprisoned in **a** castle for twenty years. In **the** last act of **the** play, someone would come on **the** stage with **a** letter which he would hand over to **the** prisoner. Even though **the** aristocrat was not expected to read **the** letter at each performance, he always insisted that **the** letter be written out from beginning to end.

L. A : Would you like **an** apple or **a** banana?
B : I'd like **an** apple, please.
A : Take **the** red one in **the** fruit bowl. You may take **an** orange also, if you like.
B : Which one?
A : **The** one beside **the** banana.

❑

4. Chivvy

आइए आरंभ करें!

स्वयं से तथा अपने साथी से पूछिए: क्या आपको सदा कहा जाना कि क्या करना है और क्या नहीं करना अच्छा लगता है? क्या आपके अनुभव में बड़े ऐसा करते हैं?

बड़े इस प्रकार की बातें करते हैं:

उत्तर दो
मुँह भरा होने पर मत बोलो
मत घूरो
इशारे मत करो
अपनी नाक में अंगुली मत डालो
उठ कर बैठ जाओ
कृपया बोलो
शोर कम करो
दरवाजा बंद करो
अपने पैरों को मत घसीटो
क्या तुम्हारे पास रुमाल नहीं है?
अपनी जेब से अपने हाथ बाहर निकालो
अपने मोजे ऊपर खींचो
तन कर खड़े हो
धन्यवाद कहो
बीच में मत बोलो
कोई नहीं सोचता तुम विनोदी हो
अपनी कोहनी को मेज से हटाओ
क्या तुम किसी भी वस्तु के बारे में स्वयं नहीं सोच सकते?

Exercise

A. 1. (c) 2. (c) 3. (a)

B. 1. pick 2. feet 3. No one

C. 1. A grown-up is likely to say *don't talk with your mouth full* if we are eating and talking at the same time.

2. We are likely to be told *say thank you* when someone gives us something and does something for us.
3. An adult would say *no one thinks you are funny* if we are doing something silly or telling some silly joke.
4. In these lines, the adult is asking the child to take a decision. Yes, the poet is suggesting that this is unreasonable because child must be asking his mother to decide for him.
5. The grown-ups say the kind of things mentioned in the poem as it is important to teach good manners to children and how to behave in public.
6. Do it yourself.

❑

5. Three Questions

आइए आरंभ करें!

एक राजा के तीन प्रश्न हैं और वह उनके उत्तर ढूँढ़ रहा है। प्रश्न क्या हैं? क्या राजा को मिलता है जो वह चाहता है?

I

किसी एक राजा के विचार आया कि वह कभी भी असफल अगर तीन बातें जानता हो। वह तीन बातें थीं: किसी कार्य को आरम्भ करने का सही समय क्या है? उसे किन लोगों की सुननी चाहिए? उसके करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य क्या है?

इसलिए राजा ने अपने राज्य में, इन तीन प्रश्नों का उत्तर देने वालों को बड़ी रकम देने का वचन देते हुए, संदेशवाहक भेजे।

राजा के पास अनेक बुद्धिमान व्यक्ति आये, मगर उन सब ने उसके प्रश्नों के अलग-अलग उत्तर दिये।

पहले प्रश्न के उत्तर में, कुछ ने कहा कि राजा को समय-सारिणी बनानी चाहिए, और फिर उसका पालन कड़ाई से करना चाहिए। वे बोले, केवल इसी प्रकार से वह सब कुछ उसके उचित समय पर कर पाएगा। दूसरों ने कहा कि कुछ करने के लिए उसके सही समय के बारे में पहले से ही निर्णय लेना असम्भव है। जो कुछ हो रहा हो, राजा को उस पर ध्यान देना चाहिए, मूर्खतापूर्ण आनंद से बचना चाहिए, और सदा वही करना चाहिए जो उस समय आवश्यक हो। और दूसरों ने कहा कि राजा को बुद्धिमान व्यक्तियों की परिषद, जो उसे उचित समय पर कार्य करने में सहायता करेगी, की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक व्यक्ति के लिए, दूसरों की सहायता के बिना, प्रत्येक कार्य के लिए सही समय का निर्णय लेना असम्भव होगा।

मगर तब दूसरों ने कहा कि कुछ कार्य अत्यावश्यक हो सकते हैं। ऐसे कार्य परिषद के निर्णय की प्रतीक्षा नहीं कर सकते। किसी कार्य को करने के सही समय का निर्णय लेने के लिए, भविष्य में देखना आवश्यक है। ऐसा केवल जादूगर कर सकते थे। इसलिए राजा को जादूगरों के पास जाना होगा।

दूसरे प्रश्न के अपने उत्तरों में, कुछ ने कहा राजा के लिए सबसे आवश्यक उसके पार्षद थे; दूसरों ने पुजारी कहा। कुछ अन्य दूसरों ने चिकित्सकों को चुना। और कुछ ने कहा कि उसके सैनिक उसके लिए सबसे अधिक आवश्यक थे।

तीसरे प्रश्न के लिए, कुछ ने विज्ञान कहा। दूसरों ने लड़ाई का चयन किया और अन्य दूसरों ने धार्मिक पूजा।

चूँकि उसके प्रश्नों के उत्तर इतने भिन्न थे, राजा सन्तुष्ट नहीं हुआ और कोई पुरस्कार नहीं दिया। उसके स्थान पर उसने एक सन्यासी, जो अपनी बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध था, की राय लेने का निर्णय लिया।

सन्यासी एक छोटे वन, जिसे उसने कभी छोड़ा नहीं था, में रहता था। वह साधारण लोगों को छोड़कर किसी और से नहीं मिलता था इसलिए राजा ने साधारण वस्त्र पहने। सन्यासी की झोपड़ी पहुँचने से पहले राजा ने अपने घोड़े को अपने अंगरक्षक के पास छोड़ दिया, और अकेला चला गया।

राजा जब सन्यासी की झोपड़ी के निकट आया, उसने सन्यासी को अपनी झोपड़ी के आगे खोदते देखा। उसने राजा का अभिवादन किया और खुदाई करना रहा। सन्यासी वृद्ध और कमजोर था, और जैसे वह कार्य कर रहा था, वह जोर से साँस ले रहा था।

राजा सन्यासी के पास गया और बोला, ''बुद्धिमान सन्यासी, मैं आपके पास तीन प्रश्नों के उत्तर जानने आया हूँ: मैं किसी भी कार्य को करने सही समय कैसे सीख सकता है? किन लोगों की मुझे सबसे अधिक आवश्यकता है? कौन-से प्रसंग सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण होते हैं?''

सन्यासी ने राजा की सुनी मगर कहा कुछ नहीं। वह खोदता रहा। ''आप थक गये हैं,'' राजा ने कहा। ''मुझे फावड़ा लेकर अपने स्थान पर कार्य करने दीजिए।''

''धन्यवाद,'' राजा को अपना फावड़ा देते हुए सन्यासी बोला फिर वह भूमि पर बैठ गया।

जब राजा ने दो क्यारियाँ खोद लीं, वह रुका और अपने प्रश्नों को दोहराया।

सन्यासी ने कोई उत्तर नहीं दिया, मगर खड़ा हुआ, फावड़े के लिए हाथ बढ़ाया और बोला, ''अब तुम आराम करो, और मुझे काम करने दो।''

मगर राजा ने उसे फावड़ा न दिया और खोदना जारी रखा।

एक घंटा बीत गया, फिर दूसरा। सूर्य वृक्षों के पीछे चला गया और अन्त में, राजा ने फावड़े को भूमि में गाड़ दिया और बोला, ''बुद्धिमान व्यक्ति, मैं आपके पास मेरे प्रश्नों के उत्तर के लिए आया था। अगर आप मुझे कोई उत्तर नहीं दे सकते, मुझसे कह दीजिए और मैं घर वापस लौट जाऊँगा।''

''कोई यहाँ भागता हुआ आ रहा है,'' सन्यासी बोला।

II

राजा पीछे की ओर घूमा और उनकी ओर भागते आते एक दाढ़ी वाले व्यक्ति को देखा। उसके हाथ उसके पेट, जिसमें से खून बह रहा था, को दबाए हुए थे। जब वह राजा के निकट पहुँचा, वह बेहोश होकर भूमि पर गिर गया। राजा और सन्यासी ने व्यक्ति के कपड़े हटाए और उसके पेट पर एक बड़ा घाव देखा। राजा ने उसे धोकर उसे अपने रुमाल से ढक दिया, मगर खून का बहना बंद नहीं हुआ। राजा ने घाव पर फिर से पट्टी बाँधी और अन्त में खून बहना बंद हो गया।

व्यक्ति को बेहतर लगा और पीने के लिए कुछ माँगा। राजा ने स्वच्छ जल लाकर उसे दिया। इस समय तक सूर्य अस्त हो गया था और वायु शीतल थी। राजा, सन्यासी की सहायता से, घायल व्यक्ति को झोपड़ी के अन्दर ले गया और उसे बिस्तर पर लिटा दिया। व्यक्ति ने अपनी आँखें बंद कीं और शान्ति से लेट गया। राजा, अपने आने और किये गये कार्य से थका हुआ, फर्श पर लेट गया और पूरी रात सोता रहा। जब वह जगा, उसे यह याद करने, कि वह कहाँ था या बिस्तर पर लेटा अजीब दाढ़ी वाला व्यक्ति कौन था, में कई मिनट लगे।

''क्षमा करें!'' उस दाढ़ी वाले ने कमजोर आवाज में कहा जब उसने राजा को जागे देखा।
''मैं तुम्हें नहीं जानता और तुम्हें क्षमा करने का कोई कारण नहीं है,'' राजा बोला।
''आप मुझे नहीं जानते मगर मैं आपको जानता हूँ। मैं आपका वह शत्रु हूँ जिसने आप से बदला लेने की कसम खाई थी, क्योंकि आपने मेरे भाई को मृत्युदंड दिया था और मेरी सम्पत्ति छीन ली थी। मुझे पता था कि आप उस सन्यासी को मिलने अकेले गये हैं और मैंने आपको घर लौटते समय आपको मारने का मन बना लिया था। किन्तु दिन बीत गया और आप वापस नहीं आये। इसलिए मैं अपने छिपने के स्थान से बाहर निकला और आपके अंगरक्षक के सामने आ गया, जिसने मुझे पहचान लिया और घायल कर दिया। मैं उससे बचकर भागा और अगर आपने मेरे घाव की पट्टी नहीं करी होती तो मैं मर गया होता। मैं आपको मारना चाहता था और आपने मेरा जीवन बचाया। अगर अब मैं जीवित रहा, मैं आपके निष्ठावान सेवक की तरह आपकी सेवा करूँगा और अपने पुत्रों को भी ऐसा करने का आदेश दूँगा। मुझे क्षमा करें!''
अपने शत्रु से इतनी आसानी से शान्ति स्थापित होने और उसके मित्र बनने से राजा बहुत प्रसन्न हुआ। उसने न केवल उसे क्षमा किया बल्कि यह भी कहा कि उसकी देखभाल करने के लिए अपने सेवक और चिकित्सक भेजेगा, और उसने उसकी सम्पत्ति वापस करने का वचन दिया।
घायल व्यक्ति को छोड़ते हुए, राजा झोपड़ी के बाहर गया और सन्यासी को चारों ओर ढूँढ़ने लगा। जाने से पहले अपने प्रश्नों के उत्तर जानने की उसकी दोबारा इच्छा हुई। सन्यासी घुटनों के बल बैठकर एक दिन पहले खोदी गई क्यारियों में बीज बो रहा था। राजा सन्यासी के पास गया और बोला, ''बुद्धिमान व्यक्ति, मैं अन्तिम बार आपसे मेरे प्रश्नों के उत्तर देने की भीख माँगता हूँ।
''तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दिया जा चुका है!'' अभी भी भूमि पर झुके हुए और अपने सामने खड़े राजा को देखते हुए सन्यासी बोला।
''मुझे उत्तर दिये जा चुके हैं? आपका क्या अर्थ है?''
''क्या आपको नहीं दिखता?'' सन्यासी ने उत्तर दिया। ''कल अगर तुम मेरी कमजोरी पर तरस खा कर मेरी क्यारियाँ न खोदते तो तुम चले गये होते। तब यह व्यक्ति तुम पर हमला करता और तुम चाहते कि तुम मेरे साथ रह गये होते। इसलिए सबसे महत्त्वपूर्ण समय था जब तुम क्यारियाँ खोद रहे थे। और सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति मैं था, और मेरा भला करना तुम्हारा सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य था। बाद मैं, जब वह व्यक्ति दौड़ता हुआ हमारे पास आया, सबसे महत्त्वपूर्ण समय था जब तुम उसका ध्यान रख रहे थे, क्योंकि अगर तुमने उसके घाव पर पट्टी न बाँधी होती तो वह तुमसे शान्ति स्थापित किये बिना ही मर गया होता। इसलिए वह सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति था, और तुम्हारा सबसे कार्य था जो तुमने उसके लिए किया।
याद रखो, केवल एक ही समय महत्त्वपूर्ण है और वह समय है 'अभी'। यह सबसे महत्त्वपूर्ण समय है क्योंकि केवल इसी समय में हमारे पास कार्य करने की शक्ति होती है।
सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति वह होता है जिसके साथ तुम एक विशेष क्षण में होते हो, क्योंकि कोई नहीं जानता कि भविष्य में क्या होगा और या फिर हम किसी अन्य से मिल पाएँगे। सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य उस व्यक्ति का भला करना है, क्योंकि हमें इस विश्व में केवल इसी उद्देश्य के लिए भेजा जाता है।''

Exercise

A. 1. (c) 2. (b) 3. (a)

B. 1. greeted, digging 2. affairs 3. better, something

C. 1. Some of the wise men thought that to decide the right time to do something, one must look into the future and only magicians were able to do that. So, they advised the king to go to the magicians.

2. First of all, the king cleaned the wound by washing it. Then he covered the wound with his handkerchief. He continued to dress the wound until the bleeding stopped entirely. The king gave some water to the wounded man to drink.

   The king and the hermit carried the wounded men inside the hut and let him take rest in the hut in the night.

3. The king forgave the bearded man. He showed his forgiveness by offering to send his doctor and servants to take care of the wounded man. He also promised to return his property.

4. The hermit's answers to the three questions were:

   (a) The right time to do something is "now" because it is the only time when we can act.

   (b) The most important person is the person you are with at a particular moment because we don't know what will happen in the future.

   (c) The most important thing to do is to do good to the person because we are here on the earth for that purpose alone.

D. 1. Many wise men answered the king's questions, **but their answers were so varied that the king was not satisfied**.

2. Someone, suggested that there should be a council of wise men **to help the king act at the right time**.

3. Someone else suggested that the king should have a timetable **and follow it strictly**.

4. The king requested the hermit **to answer three questions**.

5. The king washed and dressed the bearded man's would, **but the bleeding would not stop**.

E. The wise men answered my questions, but I was not satisfied with their answers. One day I decided to go and meet the hermit who was renowned for his wisdom. I went to him and saw him digging the ground. I asked him if he could answer the three questions. I sought answers to. But he continued digging and did not respond at all. I felt that he was getting tired so I offered to help him in digging. He handed over the spade to me. I kept digging for a while. Then I repeated my questions and asked if he would answer them. Even then, there was no response from his side. Then he pointed towards a wounded man approaching us.

F. One day I was digging in my garden. A man in ordinary clothes came to see me. I knew the was the king but remained calm. He told me that he sought answers to three questions and wanted me to answer those. I politely greeted him and then continued to dig the earth. I was continuously digging and felt tired. Seeing this, the king offered me help. I accepted and handed over the spade to him. He began to dig and after some time, he again asked me the same three questions. I still chose not to respond and offered him help if he was tired. He refused and continued to dig.

After some time, I saw a wounded man approaching us.

G.

A	B
(i) Wounded	(d) severely injured
(ii) awoke	(a) got up from sleep
(iii) forgive	(e) pardon
(iv) faithful	(f) loyal
(v) pity	(g) feel sorry for
(vi) beds	(c) small patches of ground for plants
(vii) return	(b) give back

1. Ravi had to return the bike to his friend.
2. One should be faithful to one's friends.
3. The dreadful dream awoke Raunaq from sleep.

H. (i) necessary, necessity (ii) decided, decision
(iii) forgiveness, forgive (iv) judge, judgement
(v) difference, differed (vi) wise, wisdom
(vii) answer, answer ❑

6. The Squirrel

आइए आरंभ करें!

आपने भूमि पर बैठकर दाने खाते गिलहरी को देखा होगा। वह कैसा दिख रहा था? नीचे एक ऐसे ही एक गिलहरी का कवि द्वारा विवरण दिया गया है।

वह प्रश्नचिह्न के जैसी पूँछ रखता है,
उसका ओवरकोट स्लेटी रंग का है,
वह मेवा खाने को सीधा बैठ जाता है।
वह छेड़ना और खेलना पसंद करता है।
और अगर हम उसके वृक्ष के चारों ओर दौड़ते हैं,
वह दूसरी ओर चला जाता है।

Exercise

A. 1. (c) 2. (b) 3. (a)

B. 1. question mark 2. straight, nut 3. tease, play

C. 1. The poet says the squirrel "wore a question mark for tail" as the tail of the squirrel is curled in a way that it appeared like a question mark.

2. No, we usually don't say that an animal 'wears' a tail. Instead, we say the animal 'has' a tail.
   According to the dictionary, the word 'wear' is used to mean something that is used to cover. For example, we wear clothes.

3. "He liked to tease and play." Here, the poet is teasing the squirrel. The poet approaches the squirrel, and as soon as he nears the squirrel, it runs away in a different direction. ❑

7. A Gift of Chappals

आइए आरंभ करें!

मृदु मद्रास (अब चेन्नई) में तापी, उसकी नानी और थाथा, उसके नाना के साथ बड़े होते हुए एक छोटी लड़की है। एक दोपहर, तापी उसे उसकी मौसी, रूक्कू मन्नी के घर, उसके मौसेरे भाई-बहनों, लल्ली, रवि और मीना से मिलाने ले जाती हैं।

I

मुस्कुराती रूक्कू मन्नी ने दरवाजा खोला। रवि व मीना बाहर भागे और रवि ने मृदु को भीतर खींच लिया। ''रुको, मुझे मेरी चप्पलें उतारने दो,'' मृदु ने विरोध जताया। उसने उन्हें एक बड़ी काली चप्पलों के जोड़ी के पास ठीक से रख दिया। वे वास्तव में, धूल के कारण स्लेटी हो गई थीं। आप हर चप्पल के अगले भाग पर प्रत्येक अंगुली के निशान देख सकते थे। अँगूठों के निशान लम्बे और पतले थे।

मृदु के पास यह सोचने के लिए, कि वे किसकी चप्पलें थी, अधिक समय न था, क्योंकि रवि उसे खींच कर आँगन में एक कड़वी बेरी की बड़ी झाड़ी के पीछे ले गया। वहाँ एक फटी फुटबॉल, जिसमें बोरी के ऊपर बालू भरी थी, में नारियल के खोपरे में से दूध पीता हुआ एक बहुत छोटा बिल्ली का बच्चा बैठा था।

''हमें यह आज सवेरे फाटक के बाहर मिला था। बेचारा म्याऊँ-म्याऊँ कर रहा था,'' मीना बोली। ''यह अभी गोपनीय है। अम्मा कह रही थीं कि अगर पाती को पलता चला कि हमारे पास एक बिल्ला है, वह हमारे पद्दू मामा के घर चली जाएगी।''

''लोग हमें सदा जीवों के साथ दया करने को कहते हैं और जब हम ऐसा करते हैं, तो वे चीखते हैं,'' ओह, उस गंदे प्राणी को यहाँ मत लाओ! ''रवि बोला।'' तुम्हें पता है रसोई से केवल थोड़ा सा दूध लाना कितना कठिन है? पाती ने मुझे अभी मेरे हाथ में दूध का गिलास लिए देखा। मैंने उनसे कहा कि मैं बहुत भूखा हूँ, मैं इसे पीना चाहता हूँ, मगर जिस प्रकार उन्होंने मुझे देखा! मुझे उनका ध्यान भटकाने के लिए उसमें से अधिकांश पीना पड़ा। फिर उन्हें गिलास वापस चाहिए था। पाती, पाती, मैं इसे स्वयं धोऊँगा, मैं आपको क्यों परेशानी में डालूँ, मैंने उनसे कहा। मुझे दूध को इस नारियल के खोपरे में डालने के लिए भागना पड़ा और उनको

वास्तव में शक होने से पहले भाग कर गिलास को धोना और रखना पड़ा। अब हमें महेंद्रन को खिलाने के लिए कोई और रास्ता सोचना पड़ेगा।''

''महेंद्रन? इस छोटे बिल्ली के बच्चे का नाम महेंद्रन है? ''मृदु प्रभावित हुई! यह केवल एक प्यारा सा बिल्ली के बच्चे का नाम नहीं बल्कि एक वास्तविक नाम था।

''वास्तव में इसका पूरा नाम महेंद्रवर्मन पल्लव पूनई है। अगर आपको छोटा पसंद हो तो एम०पी० पूनई। यह बढ़िया प्रजाति का बिल्ला है। केवल उसके रोंए को देखो। शेर के अयाल के समान! और तुम्हें पता कि प्राचीन पल्लव राजाओं का राज्य चिह्न क्या था, है कि नहीं?'' उसने मृदु को आशा से देखा।

मृदु खिलखिलाईं।

